# कार्यालयः–वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल।

वन भवन–1, हजारीबाग, 825301 (झारखण्ड)

E-mail: dfo-hazaribagheast@gov.in; Telephone No. 06546-272461

पत्रांक : 755 दिनांक : 10/3/2021

सेवा में,

महाप्रबंधक
डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर
कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
भारत सरकार (रेल मंत्रालय) का उपक्रम
10th Floor, Petrol Rial Bhavan 33/11
J.L. Nehru Road, Kolkata

विषय :– **विशेष रेलवे लाईन निर्माण परियोजना (DFCCIL) अंतर्गत मोजा– सरियाखुर्द में 1.758हे0 वनभूमि के अपयोजन के प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :– आपका पत्रांक 757 दिनांक 10.11.2020 एवं पत्रांक 926 दिनांक 12.01.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के क्षेत्राधीन गिरिडीह जिला अंतर्गत सरिया प्रखण्ड में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के निर्माण में मौजा–सरियाखुर्द के खाता संख्या–1, प्लॉट संख्या–53 एवं 54 में कुल रकवा 1.758हे0 (4.344एकड) वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत् आपके प्रासंगिक पत्र द्वारा इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है।

प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में दिनांक 02.03.2021 को प्रस्तावित मौजा–सरियाखुर्द के प्लॉट संख्या–53 एवं 54 का स्थलीय निरीक्षण वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल, वन क्षेत्र पदाधिकारी, बगोदर वन प्रक्षेत्र, प्रमंडलीय अमीन एवं अधिनस्थ कर्मचारियों तथा श्री बालेश्वर सिंह, उप परियोजना प्रबंधक विद्युत डी0एफ0सी0सी0आई0एल0, धनबाद के साथ किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया है कि प्रतिवेदित स्थल सरियाखुर्द के प्लॉट संख्या–53 एवं 54 पर अवस्थित सभी वृक्षों यथाः 0.30cm वाले वृक्षों की गिनती नहीं करते हुए वृक्षों की समर्पित सूची में शामिल नहीं किया गया है। इस संबंध में उपस्थित परियोजना प्रबंधक, डी0एफ0सी0सी0आई0एल0, धनबाद से पुनः संशोधित वृक्षों की गणना सूची समर्पित करने का अनुरोध किया गया।

अतः अनुरोध है कि विषयगत प्रस्ताव के प्रस्तावित वनभूमि पर अवस्थित 0–30cm के सभी वृक्षों की पुनः गिनती करते हुए वन क्षेत्र पदाधिकारी, बगोदर वन प्रक्षेत्र के साथ संयुक्त हस्ताक्षर युक्त गणना सूची समर्पित किया जाय ताकि अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके।

विश्वासभाजन

10/3/2021

**वन प्रमंडल पदाधिकारी**
**हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल।**

8.3.21